an>

Title: Need to include private hospitals in Rajasthan in the panel of hospitals under Prime Minister's National Relief Fund.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़): प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की स्थापना जनता के अंशदान से की गयी थी। वर्तमान में इस कोष की धनराशि का इस्तेमाल प्रमुखतया बाढ़, चक्रवात और भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में मारे गए लोगों के परिजनों एवं दुर्घटनाओं एवं दंगों के पीड़ितों को तत्काल राहत पहुँचाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, गंभीर बिमारियों जैसे हृदय शल्य चिकित्सा, गुर्दा प्रत्यारोपण, कैंसर आदि के उपचार के लिए भी इस कोष से सहायता दी जाती है। लेकिन इस कोष से सरकारी अस्पतालों में जो मरीज इलाज करवा रहा हो उसको प्राथमिकता दी जाती है, जबकि इसमें राज्यों के कुछ गिने चुने प्राइवेट अस्पताल ही शामिल हैं। कुछ राज्य जैसे दिल्ली, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु एवं केरल के प्राइवेट अस्पताल ज्यादा हैं जबकि मेरे राज्य राजस्थान जो कि क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रमुख राज्यों में आता है वहाँ सिर्फ और सिर्फ राजधानी जयपुर के ही कुछ अस्पताल पैनल में हैं।

अतः मैं मांग करता हूँ कि प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता पाने हेतु जिले में जो अच्छा अस्पताल हो उसको भी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के पैनल में शामिल करें ताकि गरीब लोगों को अधिक राहत मिल सके।